In the NEWS

RELIANCE Life Insurance

Publication: **Amar Ujala** l Region: **Delhi** l Date: **10/06/2015** l Page No.: 13

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस का नया चाइल्ड प्लान

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की सहायक इकाई रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने नया चाइल्ड इंश्योरेन्स प्लान रिलायंस एजुकेशन प्लान पेश किया है। यह एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टीसिपेटिंग चाइल्ड इंश्योरेंस प्लान है, जो बच्चे की शिक्षा के लिए आवश्यक धनराशि का भुगतान करके उनके भविष्य को सुरक्षित करता है। इस प्लान के द्वारा अभिभावक अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए बचत कर सकते हें और उनके भविष्य के लिए एक आय को सुनिश्चित कर सकते हैं।

यह प्लान चार मैच्योरिटी पेआउट विकल्प उपलब्ध कराता है, जिसे बच्चे की शैक्षणिक जरूरतों के आधार पर चुना सकता है। पेआउट का भुगतान मैच्योरिटी पर एक मुश्त राशि के रूप में किया जा सकता है, जिसके द्वारा बच्चे अपना कारोबार शुरू कर सकते हैं या पोस्ट ग्रेजुएशन

जन्म से 18 साल की उम्र तक लिया जा सकता है एजुकेशन प्लान

के लिए दो किश्तों में भी इसका भुगतान किया जा सकता है। पेशेवर डिग्री के मामले में चार किश्तों का विकल्प भी चुना जा सकता है। बच्चा कोई और कोर्स जैसे ग्रेजुएशन या पोस्ट-ग्रेजुएशन करना चाहता है, तो पांच किश्तों भी इस राशि का भुगतान किया जा सकता है। यह प्लान 9 से 20 साल के बीच के पॉलिसी टर्म के लिए उपलब्ध है, जिसमें भुगतान के विकल्प 5, 7 और10 साल के लिए अथवा पूरे टर्म के लिए हो सकते हैं। इस प्लान में प्रवेश करने की उम्र जन्म से 18 साल तक हो सकती है और 20-55 आयु वर्ग के अभिभावक 18 साल से कम उम्र के बच्चे के लिए यह प्लान ले सकते हैं।